प्रेषक,

शिक्षा निदेशक,उत्तर प्रदेश,
18 पार्क रोड,लखनऊ ।

सेवा में,

प्रबन्धक,
सेवाभारती सेवाधाम विद्यामन्दिर,
बहेटा हाजीपुर परगना-लोनी जिला गाजियाबाद।

पत्रांक/शि0अनु0/ 5510-15/1993-94 दिनांक: 13-1-94

विषय:- सी0बी0एस0ई0/आई0सी0एस0ई0 नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-1918/15-13-92-4121/92 दिनांक 23-7-92 जो इस कार्यालय सहित आपको भी पृष्ठांकित है, का अवलोकन करने का कष्ट करें । इस पत्र द्वारा शासन ने विद्यालय को सी0बी0एस0ई0 नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया है और यह प्रतिबन्ध लगाया है कि विद्यालय की प्रबन्धसमिति में शिक्षा निदेशक द्वारा नामित एक सदस्य होगा ।

अतः शासन द्वारा लगाए गए प्रतिबन्ध की पूर्ति हेतु विद्यालय की प्रबन्धसमिति में जिला विद्यालय निरीक्षक गाजियाबाद को विभागीय सदस्य कैसे में नामित किया जाता है। कृपया विभागीय नामित सदस्य को विद्यालय की प्रबन्धसमिति में सम्मिलित करके प्रबन्ध समिति के सदस्यों की सूची मण्डलीय उप शिक्षा निदेशक को उपलब्ध करना सुनिश्चित करें ।

कृपया इस पत्र की प्राप्ति स्वीकार करने का कष्ट करें

भवदीय,
[illegible] 5/1/94
(सतीश चन्द्र श्रीवास्तव)
सहायक शिक्षा निदेशक(एस0एस0ए0)
कृते शिक्षा निदेशक,उ0प्र0,लखनऊ ।

पृ०सं०/शि०एम०/ /1993-94 दिनांक:यथा ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थएवं अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रेषित है:-

1-जिला विद्यालय निरीक्षक, गाजियाबाद।नामित सदस्य।

2-अपर शिक्षा निदेशक (मा०) शिक्षा निदेशालय,उ०प्र० इलाहाबाद

3-मण्डलीय उप शिक्षा निदेशक मेरठ मण्डल मेरठ ।

4-मण्डलीय उपशिक्षा निदेशक -2 मेरठ मण्डल मेरठ ।

5-प्रधानाचार्य, सेवाभारती,सेवाधाम विद्यालय मंदिर बहेटा हाजीपुर परगना लोनी जिला गाजियाबाद उ०प्र० ।

(सतीश चन्द्र श्रीवास्तव)

सहायक शिक्षा निदेशक (एन०एम०सी०)
कृते शिक्षा निदेशक उ०प्र०लखनऊ ।